# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

प्रकरण संख्या :–183 / 2021 दायर दिनांकः 15.11.2021

CIS NO:- 2021/338

पीठासीन अधिकारीः– शत्रुघ्न सिंह गुर्जर

1. सोहनी बाई पत्नी कस्तुरा जाति मीणा निवासी ग्राम अरण्या तहसील नैनवां जिला बून्दी (राज0)
2. कस्तुरा आ0 देवीलाल जाति मीणा निवासी ग्राम अरण्या तहसील नैनवां जिला बून्दी (राज0)

–प्रार्थीगण–

बनाम

1. माना बाई पत्नी कजोडलाल जाति मीणा निवासी ग्राम कुम्हारिया तहसील नैनवां जिला बून्दी (राज.)
2. कजोड आ0 माधो जाति मीणा निवासी ग्राम कुम्हारिया तहसील नैनवां जिला बून्दी (राज.)
3. शंकरलाल आ0 कजोड जाति मीणा निवासी ग्राम कुम्हारिया तहसील नैनवां जिला बून्दी (राज.)
4. भरतराज आ0 कजोड जाति मीणा निवासी ग्राम कुम्हारिया तहसील नैनवां जिला बून्दी (राज.)
5. नरसी आ0 कजोड जाति मीणा निवासी ग्राम कुम्हारिया तहसील नैनवां जिला बून्दी राज.

–अप्रार्थीगण–

प्रार्थना पत्रः–अंतर्गत धारा 251(क) आर0टी0 एक्ट

उपस्थिति–

**प्रार्थीगण की ओर से वकील श्री हरिनारायण स्वामी।**

**अप्रार्थीगण की ओर से वकील श्री रामबाबू शर्मा।**

**निर्णय दिनांक** 20.02.2024

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम कुम्हारिया गांव पटवार हल्का दुगारी तहसील नैनवां जिला बून्दी राज0 की भूमि खाता संख्या 106 सम्वत् 2077 से 2079 तक की कृषि भूमि खसरा संख्या 2741 रकबा 0.8414 हैक्टयर कुल किता 1 कुल रकबा 0.8414 हैक्टयर स्थित है, जिसका खातेदार प्रार्थी संख्या 1 सोहनी बाई पत्नी कस्तुरा तथा खसरा संख्या नया 10 सम्वत् 2077 से 2079 तक की कृषि भूमि खसरा संख्या 2735 रकबा 0.8252 हैक्टयर कुल किता 1 कुल रकबा 0. 8252 हैक्टयर भूमि स्थित है, जिसके खातेदार प्रार्थी संख्या 2 कस्तुरा आ0 देवीलाल है। प्रार्थीगण बहैसियत खातेदार इस कृषिभूमि पर काश्त कार्य कर उपयोग व उपभोग करते चले आ रहे है। यह कि प्रार्थीगण अपने गांव अरण्या से दुगारी से सदैव से ग्राम दुगारी से सोरण जाने वाले रास्ते से भूमि खसरा संख्या 2738 एवं 2739 वाके ग्राम कुम्हारिया गांव (दुगारी) की मेर के पूर्वी मेर पर होते हुए अपने खेत खसरा संख्या 2741 पर पहुंचते है। तदुपरांत प्रार्थीगण अपने अन्य खेतों पर पहुंच जाते है। यह कि ग्राम कुम्हारिया गांव हल्का दुगारी की खाता संख्या 80 सम्वत् 2076 से 2079 तक की भूमि खसरा संख्या 2738 रकबा 0.1618 हैक्टयर भूमि स्थित है तथा खाता संख्या 79 सम्वत् 2077 से 2079 तक की भूमि खसरा संख्या 2739 रकबा 0.7443 हैक्टयर भूमि स्थित है, जिसके खातेदार माना बाई पत्नी कजोड लाल जाति मीणा निवासी ग्राम कुम्हारिया गांव (दुगारी) प्रत्यार्थी संख्या 1 है। यह कि प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 में वर्णित अपनी कृषि भूमि पर कृषि उपज में काम आने वाले उपकरण ट्रेक्टर–ट्रोली आदि लाने ले जाने हेतु एवं आने जाने के लिए कम से कम 30 फुट चौडे मार्ग की आवश्यकता होती है, किन्तु मौके पर प्रत्यार्थीगण द्वारा अपने खाते के खेतों में हकाई कर फाड देते है इससे प्रार्थीगण को अपने खेतों पर आने जाने के लिए तथा ट्रेक्टर–ट्रोली आदि समान लाने ले जाने के लिए रास्ते [illegible] रहता है। प्रार्थीगण खसरा संख्या 2738 व 2739 की बनी पूर्वी मेर पर होते हुए अपने खेत खसरा संख्या 2741 तक पहुंचना पडता है इस प्रकार प्रार्थीगण को अपने कृषि उपकरणों ट्रेक्टर–ट्रोली आदि को लाने ले जाने हेतु कम से कम 30 फुट चौडे मार्ग की आवश्यकता है [illegible] परिशिष्ट "अ" में क से ख बिन्दुओं के बीच लाल स्याही से दर्शाया गया है [illegible] "अ" प्रार्थना पत्र का अभिन्न अंग है। उक्त रास्ते को अपने खाते की प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 में वर्णित भूमि पर आने जाने हेतु सख्त आवश्यकता है इसलिए प्रार्थीगण को मौके एवं राजस्व अभिलेखो, राजस्व रिकार्ड एवं राजस्व नक्शे में रास्ता कायम करवाना चाहते है। रास्ता कायम करवाने का अधिकार प्रार्थीगण को प्राप्त है। क्योंकि उक्त वर्णित रास्ते के अलावा प्रार्थीगण को अपने खाते के खेत में जाने का अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता मौजूद नही है। यह कि प्रार्थीगण को अप्रार्थीगण से कई बार निवेदन किया कि

Signature Not Verified
Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2024.02.28 15:13:12 IST
Reason: SelfAttested

पर जाने हेतु पूर्व में बने रास्ते को मत बिगाडो और इसको मत हकाओं किन्तु प्रार्थीगण से कहते है कि यह तो हमारे खाते की जमीन है हम तुम्हारा रास्ता बंद करेंगे है नही आने देंगे। दिनांक 30.10.2021 को तो प्रत्यार्थीगण 1 लगायत 5 हाथों में लकडियां आये प्रार्थीगण के आडे फिर गये और धमकी दी कि यहां हम नही निकलने देगें। यह प्रार्थना त्र प्रस्तुत करने का कारण है। रास्ता कायम करने का अधिकार श्रीमान के न्यायालय को प्राप्त है। यह कि उपरोक्त रास्ते में जितनी भी भूमि खाते की काम आयेगी उसका नियमानुसार प्रतिकर प्रार्थीगण अदा करने को तैयार है। प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थीगण ने नकल जमावंदी एवं नकल नक्शा ट्रेस आदि प्रस्तुत किये।

प्रत्यार्थीगण ने जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया कि भूमि पर आने जाने का वर्षो पुराना आदू रास्ता स्कूल के पास होकर निकला हुआ है जिसमें होकर प्रार्थीगण अपनी भूमि पर आते जाते है। अतः प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे।

रास्ता दिये जाने के सम्वन्ध में तहसीलदार नैनवां से रिपोर्ट दिनांक 15.05.2023 के मुताबिक प्रार्थीगण द्वारा खसरा संख्या 2741 मे पहुंचने हेतु खसरा संख्या 2738 व 2739 में होकर रास्ता चाहा गया है। खसरा संख्या 2738 में से 9*2 गट्टा = 784.085 वर्ग फुट व खसरा संख्या 2739 में से 29*2 गट्टा = 2526.48 वर्ग फुट कुल 3310.56 वर्ग फुट = 0.0307 हैक्टयर भूमि रास्ते के काम आयेगी। मौके पर इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक एवं सबसे कम दूरी का रास्ता उपलब्ध नही है।

हमने प्रार्थना–पत्र, शपथ–पत्र व प्रस्तुत साक्ष्य रिकॉर्ड जमावन्दी व रास्ते के सम्वंध में तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया । प्रार्थी को प्रार्थना–पत्र में अंकित भूमि पर आने जाने हेतु रास्ते की आवश्यकता है। प्रार्थीगण ने रास्ते का प्रतिकर अदा करने हेतु भी प्रार्थना–पत्र में निवेदन किया है। बहस प्रार्थना पत्र सुनी गई। प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है। ग्राम कुम्हारिया गांव पटवार हल्का दुगारी तहसील नैनवां जिला बून्दी राज0 की भूमि खाता संख्या 106 सम्वत् 2077 से 2079 तक की कृषि भूमि खसरा संख्या 2741 मे पहुंचने हेतु खसरा संख्या 2738 में से 9*2 गट्टा = 784.085 वर्ग फुट व खसरा संख्या 2739 में से 29*2 गट्टा = 2526.48 वर्ग फुट कुल 3310.56 वर्ग फुट = 0.0307 हैक्टयर भूमि प्रस्तावित नक्शा परिशिष्ट, जिसे परिशिष्ट–"क" नाम दिया गया है, जो इस न्यायालय निर्णय का अंग होगा, के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में नियमानुसार प्रतिकर राजकोष में जमा होने के उपरांत दर्ज किया जाकर मौके पर प्रार्थीगण का रास्ता बहाल करने के आदेश तहसीलदार नैनवां को दिये जाते है।

निर्णय आज दिनांक 20.02.2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां

उपखण्ड अधिकारी
नैनवा (बून्दी)

Signature Not Verified


Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2024.02.28 15:13:12 IST
Reason: SelfAttested

नकल नक्शा - ट्रेस

ग्राम = कुम्हारिया गांव

पटवार मं. = डूगारी

तहसील = नैनवां, जिला बूंदी (राज.)




उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बूंदी)

Signature Not Verified

Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2024.02.28 15:13:12 IST
Reason: SelfAttested